**प्रेस सूचना ब्यूरो**
**भारत सरकार**
**********

## यूएई भेजने के लिए कुशल कार्यबल तैयार करने हेतु वाराणसी में स्किल इंडिया इंटरनेशनल सेंटर स्थापित किया जाएगा

भारत-यूएई कौशल-आधारित सहयोग को बढ़ाने के लिए सभी प्रासंगिक हितधारकों को शामिल करने के लिए व्यापक संस्थागत ढांचा विकसित करने और उसे सुदृढ़ बनाने पर सहमत हुए

श्री धर्मेंद्र प्रधान, केंद्रीय शिक्षा और कौशल विकास मंत्री की उपस्थिति में एनएसडीसी इंटरनेशनल लिमिटेड और हिंदुस्तान पोर्ट्स प्राइवेट लिमिटेड (डीपी वर्ल्ड की एक इकाई) के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।

नई दिल्ली, 12 मई, 2022







वाराणसी में एक स्किल इंडिया इंटरनेशनल सेंटर विकसित करने और संभार तंत्र, बंदरगाह संचालन और संबद्ध क्षेत्र में विदेशी रोजगार के अवसर पाने के लिए भारतीय युवाओं को

कौशल प्रदान करने के लिए एनएसडीसी इंटरनेशनल (एनएसडीसीआई) और डीपी वर्ल्ड की भारतीय इकाई, हिंदुस्तान पोर्ट्स प्राइवेट लिमिटेड के बीच एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) का आदान-प्रदान किया गया था। स्किल इंडिया इंटरनेशनल सेंटर वैश्विक बाजारों के लिए उम्मीदवारों को तैयार करते हुए अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुसार कौशल प्रदान करेगा। श्री वेद मणि तिवारी, निदेशक, एनएसडीसी इंटरनेशनल और मोहम्मद अल मुआलेम, कार्यकारी उपाध्यक्ष, डीपी वर्ल्ड और निदेशक, एचपीपीएल के बीच श्री धर्मेंद्र प्रधान, केंद्रीय शिक्षा मंत्री तथा कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्री; श्री राजीव चंद्रशेखर, कौशल विकास और उद्यमशीलता राज्य मंत्री; डॉ. अहमद बेलहौल अल फलासी, उद्यमशीलता और एसएमई राज्य मंत्री, संयुक्त अरब अमीरात; श्री राजेश अग्रवाल, सचिव, एमएसडीई; संयुक्त अरब अमीरात में भारत के राजदूत श्री संजय सुधीर और डीपी वर्ल्ड उपमहाद्वीप के सीईओ और प्रबंध निदेशक रिजवान सूमर की उपस्थिति में समझौता ज्ञापन का आदान-प्रदान किया गया।

**श्री धर्मेंद्र प्रधान** ने इस बात को रेखांकित किया कि भारत, संयुक्त अरब अमीरात और दुनिया भर के अन्य देशों का एक महत्वपूर्ण भागीदार है। उन्होंने कहा कि सरकार भारत के युवाओं की आकांक्षाओं को पूरा करने और उन्हें काम के भविष्य के लिए तैयार करने के लिए काम कर रही है। सरकार एक विश्वसनीय, योग्य और सक्षम कार्यबल तैयार कर रही है जो न केवल भारत के लिए बल्कि दुनिया की अन्य अर्थव्यवस्थाओं के लिए भी आर्थिक सफलता को बढ़ावा देगा। उन्होंने आगे कहा कि भारत और संयुक्त अरब अमीरात के बीच मौजूदा मजबूत संबंधों के साथ, यह एक और सफल साझेदारी होगी जो हमारे संबंधों को मजबूत करेगी। स्किल इंडिया मिशन का उद्देश्य आर्थिक समृद्धि लाना और देश के युवाओं को नए अवसर प्रदान करना है।

संयुक्त अरब अमीरात में कुशल पेशेवरों के महत्व पर जोर देते हुए, **संयुक्त अरब अमीरात के उद्यमशीलता और एसएमई राज्य मंत्री, डॉ अहमद बेलहौल अल फलासी** ने कहा, "यह एसोसिएशन दोनों देशों के युवाओं के बीच कौशल विकास में तेजी लाने में मदद करेगा और दोनों अर्थव्यवस्थाओं के श्रम बाजारों के लिए आवश्यक उभरते कौशलों का समाधान करने और पूरा करने में लाभदायक होगा। मैं भविष्य के लिए तैयार कुशल कार्यबल तैयार करने में सहयोग देने के इस इरादे के लिए एनएसडीसीआई और डीपी वर्ल्ड दोनों को बधाई देता हूं। यह समझौता ज्ञापन संयुक्त अरब अमीरात और भारत के बीच संबंधों को और मजबूत करेगा और कार्यबल उत्पादकता बढ़ाने में मदद करेगा।

समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर करने से पहले कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्री श्री धर्मेंद्र प्रधान और डॉ. अहमद बेलहौल अल फलासी, उद्यमशीलता और एसएमई राज्य मंत्री, संयुक्त अरब अमीरात की अध्यक्षता में द्विपक्षीय चर्चा हुई थी। उन्होंने कौशल विकास और

उद्यमशीलता में द्विपक्षीय जुड़ाव को और मजबूत करने और भारत-यूएई सीईपीए को अभूतपूर्व ऊंचाइयों पर ले जाने के तरीकों का पता लगाया। दोनों पक्षों ने कौशल आधारित सहयोग बढ़ाने के लिए सभी प्रासंगिक हितधारकों को शामिल करने के लिए व्यापक संस्थागत ढांचे को विकसित करने और मजबूत करने पर सहमति व्यक्त की, जिसमें कार्यबल का कौशल, प्रशिक्षकों का प्रशिक्षण, विनिमय कार्यक्रमों को सुविधाजनक बनाना और शिक्षुता शामिल है। संयुक्त अरब अमीरात में भारतीय कौशलीकरण केंद्रों द्वारा जारी प्रमाणपत्रों की मान्यता तथा कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय, भारत सरकार और राष्ट्रीय अर्हता प्राधिकरण, संयुक्त अरब अमीरात के बीच भारतीय कार्यबल के आकलन और प्रमाणन की प्रक्रिया को उदार बनाने और उनकी अधिक से अधिक गतिशीलता सुनिश्चित करने के लिए जी-टू-जी तंत्र के नवीनीकरण पर भी चर्चा की गई।

स्किल इंडिया इंटरनेशनल केन्द्रों का उद्देश्य भारतीय युवाओं को उच्च गुणवत्ता वाला प्रशिक्षण प्रदान करना है। केंद्र संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), कनाडा, ऑस्ट्रेलिया और अन्य जीसीसी क्षेत्रों जैसे देशों में अंतरराष्ट्रीय नियोक्ताओं की मांग के अनुसार कौशल प्रदान करते हुए प्रशिक्षण सुविधाओं की मेजबानी करेंगे। स्किल इंडिया इंटरनेशनल केन्द्रों में अन्य देशों में कुशल और प्रमाणित कार्यबल की आपूर्ति की सुविधा के लिए भागीदार संगठनों और विदेशी भर्तीकर्ताओं का एक विस्तृत नेटवर्क भी होगा। ये भागीदार संगठन विदेशी बाजारों से मांग एकत्र करने के लिए एनएसडीसीआई के साथ काम करेंगे। इन केंद्रों में जुटाव, काउंसलिंग, कौशल प्रशिक्षण, प्रस्थान पूर्व अभिविन्यास, विदेशी भाषा प्रशिक्षण, नियोजन और आव्रजन तथा नियोजन पश्चात सहायता जैसी सेवाएं होंगी।

**एनएसडीसी इंटरनेशनल लिमिटेड (एनएसडीसीआई) के बारे में**

एनएसडीसी इंटरनेशनल लिमिटेड राष्ट्रीय कौशल विकास निगम की एक सहायक कंपनी है जो भारत को विश्व की कौशल राजधानी बनाने के लिए स्किल इंडिया इंटरनेशनल मिशन चला रहा है। इसका दृष्टिकोण दुनिया भर में कुशल और प्रमाणित कार्यबल का पता लगाने के लिए भारत को एक पसंदीदा भागीदार देश के रूप में बदलना है। इसका उद्देश्य अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बेंचमार्क गुणवत्तापूर्ण कौशल इकोसिस्टम बनाना और गुणवत्ता वाली प्रतिभा के लिए वैश्विक आपूर्तिकर्ता के रूप में अपनी स्थिति को मजबूत करना है। यह प्रवासी भारतीयों के लिए वैश्विक नौकरी के अवसर और प्रवासी भारतीयों के लिए वैश्विक कैरियर गतिशीलता प्रदान करता है।

**डीपी वर्ल्ड के बारे में**

हिंदुस्तान पोर्ट्स प्राइवेट लिमिटेड डीपी वर्ल्ड का हिस्सा है, जो दुनिया भर में व्यापार के प्रवाह को सक्षम करने के लिए दुनिया भर में स्मार्ट एंड-टू-एंड सप्लाई चेन लॉजिस्टिक्स का

अग्रणी प्रदाता है। उत्पादों और सेवाओं की इसकी विस्तृत श्रृंखला समुद्री और अंतर्देशीय टर्मिनलों से लेकर समुद्री सेवाओं, रेल नेटवर्क और आर्थिक क्षेत्रों के साथ-साथ प्रौद्योगिकी-संचालित ग्राहक समाधान तक एकीकृत आपूर्ति श्रृंखला के हर लिंक को कवर करती है। डीपी वर्ल्ड जहां कहीं भी संचालित होता है, वह अर्थव्यवस्थाओं और समुदायों में सकारात्मक योगदान के लिए प्रयास करते हुए स्थिरता और जिम्मेदार कॉर्पोरेट नागरिकता को अपनी गतिविधियों में एकीकृत करता है।

*****